ट्रेलर-ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत,दो चालक घायल

बड़हलगंज (गोरखपुर)। क्षेत्र के खजुरी पांडेय गांव के पास गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह ट्रेलर और ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के चलते कुछ देर तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से किनारे कराकर आवागमन



बहाल कराया। कोतवाली प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे खजुरी पांडे गांव के पास ट्रेलर और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। सूचना पर

◆एक चालक की हालत गंभीर, प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हलगंज पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने राजस्थान के भरतपुर जिले के भुसावल थाना क्षेत्र के चौकरवाड़ा निवासी ट्रेलर चालक बिसमिंदर सिंह (40) पुत्र संपत सिंह की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वहीं, दूसरे ट्रक के चालक आजमगढ़ जिले के पवई थाना क्षेत्र के फत्तनपुर निवासी राजेश प्रजापति (32) पुत्र हरिप्रसाद प्रजापति को सामान्य चोटें आई हैं। आजमगढ़ निवासी चालक राजेश प्रजापति अपने ट्रक में लॉजिस्टिक का सामान लोड कर कौड़ीराम स्थित गोदाम पर जा रहा था। जबकि दूसरे ट्रेलर का चालक बिसमिंदर सिंह गोरखपुर माल उतार कर वाराणसी जा रहा था।

राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ें एन.सी.सी. कैडेट्स-डा.मनीष

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगलधूसड़ में शनिवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर एन. सी.सी. के तत्वावधान में रैंक सेरेमनी का गरिमामय आयोजन किया गया। एन.सी.सी. के सी.टी.ओ. डॉ. अनूप कु. पांडेय के संयोजन में आयोजित इस समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डा.मनीष कु.त्रिपाठी ने कैडेट्स को उनकी योग्यता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न रैंक प्रदान किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने रैंक प्राप्त करने वाले सभी कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एन. सी.सी. विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम



है। यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता,राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व ,सेवा और समर्पण जैसे जीवनोपयोगी गुणों का विकास करता है। रैंक प्राप्त करना केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि संबंधित दायित्वों के प्रति प्रति बद्धता और नेतृत्व की नई जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कैडेट्स से अपेक्षा की कि वे अपने आचरण एवं कार्यों से एन.सी.सी. की गरिमा को बनाए रखते हुए राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करें। समारोह में कैडेट्स को निम्न लिखित रैंक प्रदान किए गए। सीनियर अंडर ऑफिसर के रूप में प्रभात कुमार, अंडर ऑफिसर (सी प्रमाणपत्र) के रूप में अमन कुमार एवं साक्षी जायसवाल तथा अंडर ऑफिसर (बी प्रमाणपत्र) के रूप में आदित्य कुमार एवं पायल साहनी को रैंक प्रदान किया गया। इसी क्रम में सार्जेंट (सी प्रमाणपत्र) के रूप में ऋषिकेश कुमार तथा सार्जेंट (बी प्रमाणपत्र) के रूप में प्रिंस चौरसिया एवं निशा साहनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने कैडेट्स में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार करने के साथ ही अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व के प्रति उनके संकल्प को और सुदृढ़ किया। कार्यक्रम में सभी एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित रहे।

छठ महापर्व:डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी महिलाएं

रुद्रपुर (देवरिया)। (आज)मूल रूप से बिहार का महापर्व माने जाने वाले छठ की छठा अपने पुरातन दायरे से बाहर निकल चुकी है। पर्व की आभा देश के अन्य राज्यों में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में फैल रही है।

इस दृष्टि से देवरिया को देखें तो तो छठ के दौरान यह बिहार का हिस्सा जैसा दिखता है। तीन दशक तक पहले तक शहर के जिन घाटों पर चंद परिवार ही छठ मनाते दिखते थे, वहां अब लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। उपनगर के सभी प्रमुख हर घाटों पर छठ मैया के प्रति श्रद्धा की गूंज सुनाई देती है। सेमरौना रिवर फ्रंट सहित उपनगर सहित सभी घाटों और सरोवरों की पहले ही साफ-सफाई

◆कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय

कर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर ली गई थीं। सभी स्थानों पर व्रत रखने वाली महिलाओं ने वेदी पर दीपक जलाया। आज शाम के समय सूर्य देव को नदी व सरोवर के निकट जाकर अर्घ्य दिया जाएगा । सोमवार को सूर्योदय के समय भी सूर्य देवता की पूजा करने के साथ व्रत का पारण किया जाएगा। पूरे दिन हुई खरीदारी व्रत रखने वाली महिलाओं ने शनिवार को भी जमकर खरीदारी की। सुबह से ही सूप, गन्ना , गुड़, नारियल व कपड़ों की दुकान पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। व्रत रखने वाली महिलाओं ने बताया कि मुख्य पूजा कल होने के चलते आज ही सारे सामान की खरीद कर रख ले रही हैं। प्रशासनिक विभाग भी चाक चौबंद व्यवस्था में लगे रहे।

एम.सी.ए. पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला उपनगर में स्थित एम.सी.ए. पब्लिक स्कूल प्रांगण में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन पर बाल दिवस के दिन विविध कार्यक्रम एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय की शिक्षा निदेशिका मैडम रत्ना सिंह, ने फीता काट कर बात-मेले का उद्घाटन एवं शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रबन्धक प्रदीप सिंह प्रधानाचार्य एस. के. मिश्रा, राहुल वीरेन्द्र, अजय एवं सुब्रत उपस्थित रहे। मेले का संचालन पी.टी.आई. जीतेन्द्र यादव ने किया। बाल-मेले में बहुत से छात्र-छात्राओं ने खाद्य (नाश्ते) का स्टाल लगाया था, जिसमें मुरमुरे, ब्रेड सैंडविच, जल-जीरा, आलू चाप, रसगुल्ले, मिठाइयाँ और होम-मेड कोल्ड ड्रिंक्स



तथा चाय, कॉफी आदि विभिन्न मनभावन खाद्यात्रों का स्टाल लगाया था, जो बच्चों व बड़ों सभी को अपनी ओर देखने और खाने के लिए बरबस ध्यान आकर्षित कर रहा था। क्रेता और विक्रेता दोनों ही बच्चों ने खूब उत्साह एवं मन से बिक्री और खरीदारी किया तथा मेले में आए हुए बड़े लोगों ने भी बच्चों से खरीदारी करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस बाल मेले का मुख्य आकर्षण छठी माता पूजन (छठी पूजन) का कार्यक्रम रहा, जिसमें छठी मइया के भोजपुरी गीत भी गुंजित हो रहे थे और छात्राओं ने बेटी के रूप में साड़ी में सोलहों श्रृंगार करके कृत्रिम तालाब पर नाचते गाते हुए और माता जी की पूजा की, जो काबिले तारीफ था।दो बजे मेले का समापन हुआ।

इस बाल-मेले को सफल बनाने में सुव्रत तिवारी, जीतेन्द्र यादव, , शालिनी डेविड, खुशबू महोबिया और सजना दुबे, पूजा तिवारी, सोनल दुबे, आाजात निशी ममता प्रियंका सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालयकर्मी के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

सेंट जोसफ स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस,सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

बड़हलगंज (गोरखपुर)। संत जोसफ स्कूल, बड़हलगंज में शनिवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न खेल एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य रेवरेंड फादर रिंसो जोसफ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा दो की छात्रा इशान्वी सिंह ने मुख्य अतिथि को बुके भेंट कर स्वागत करने के साथ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि फादर रिंसो जोसफ, सिस्टर अर्चना, शिक्षक अभिषेक कुमार मिश्र तथा विद्यालय के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के





चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान विद्यार्थियों,शिक्षिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं नृत्य,खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के ब्लू, रेड, ग्रीन,येलो हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों और प्रतिभा ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि फादर रिंसो जोसफ ने कहा कि बचपन जीवन का अनमोल अध्याय है, जिसमें सपने

◆चारों हाउस के विद्यार्थियों ने नृत्य और खेल प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा◆प्रधानाचार्य फादर रिंसो जोसफ ने बच्चों को अनुशासन, परिश्रम और अच्छे संस्कारों का दिया संदेश

उड़ान भरते हैं और भविष्य आकार लेता है। आज के बच्चे ही आगे चलकर कलाकार, संगीतज्ञ, वैज्ञानिक, डॉक्टर और इंजीनियर बनकर देश का भविष्य संवारेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर परिश्रम और ज्ञान के बल पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि जीवन में किसी भी पद और उपलब्धि को हासिल करने से पहले अच्छा इंसान बनना और चरित्र का निर्माण करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रचनात्मक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की सलाह दी। कहा कि इन गतिविधियों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनमें नई क्षमताओं का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यहां के विद्यार्थी भविष्य में अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बच्चों को उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ विनम्रता, अच्छे संस्कार बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के कैप्टन अनुभव पांडेय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिकाओं ने किया।

अपर नगर आयुक्त और एसपी नॉर्थ ने छठ घाट का किया निरीक्षण

सहजनवां (गोरखपुर)। शनिवार को अपर नगर आयुक्त गौरव रंजन और एसपी नॉर्थ राजेश गुनावत ने नगर पंचायत के पिपरा स्थित छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट की साफ-सफाई, पानी की गहराई, आने-जाने वाले रास्ते और प्रकाश सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के एक-एक बिंदु का गहन निरीक्षण



किया। उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि छठ पर्व से पहले घाट की पूरी तरह से साफ-सफाई करा ली जाए। जिससे व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गहरे पानी के किनारे बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम और पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान थानेदार संजय कुमार मिश्र, सभासद पति गिरीश यादव सहित अनेक सफाई कर्मी मौजूद रहे।

छठ पर्व को लेकर गोला के बाजारों में उमड़ी भीड़

गोलाबाजार (गोरखपुर)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शनिवार को गोलाउपनगर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सभी प्रमुख चौराहों और बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, फल-फूल, सूप और दौरी की खरीदारी में जुटे रहे। बाजारों में भीड़ का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। कई स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने से जाम जैसी स्थिति भी बनी रही। छठ पर्व पर फलों और पारंपरिक पूजन सामग्रियों का विशेष महत्व होने के कारण दुकानों



पर खरीदारों की सबसे अधिक भीड़ रही। अंगूर, सेब, अनानास, तरबूज, नींबू, आंवला, शकरकंद, संतरा, अमरूद और सीताफल की खूब बिक्री हुई। वहीं पूजा के लिए सूप और दौरी खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए। **फलों की खूब हुई बिक्री** बाजार में शनिवार को करीब 800 रूपये किलो अंगूर, 160 किलो सेब,

◆सूप, दौरी, फल और पूजन सामग्री की दुकानों पर रही रौनक, बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

60 रूपये का एक अनानास, 100 का एक तरबूज, 50 का एक पहाड़ी नींबू, 100 किलो आंवला, 50 किलो शकर कंद, 80 किलो संतरा, 150 किलो अमरूद और 100 किलो सीताफल की बिक्री हुई। इसके अलावा छठ पूजा में प्रसाद के रूप में चढ़ाए जाने वाले गन्ने की भी खूब मांग रही। गन्ना 100 रुपये में छह की दर से बिका। **सूप और दौरी की मांग बढ़ी** पूजन सामग्री की दुकानों पर भी सुबह से शाम तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही। बाजार में सूप 100 रुपये प्रति पीस और दौरी 120 से 150 रुपये तक बिकी। श्रद्धालु अपनी जरूरत के अनुसार पूजा की सामग्री खरीदते नजर आए। छठ पर्व को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़ ने व्यापारियों के कारोबार में भी रौनक ला दिया।

न्यू रोज कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

दोहरीघाट (मऊ)। क्षेत्र के गोठा बाजार स्थित न्यू रोज कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन हुआ किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। मेले में बच्चों द्वारा तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए गए, जिनकी आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

बाल मेले में बच्चों की रचनात्मकता, उत्साह और प्रतिभा देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अविनाश कुमार शर्मा ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर



◆बाल मेले में बच्चों ने बनाए तरह-तरह के व्यंजन ◆पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ,बच्चों में दिखा उत्साह

माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व एवं बच्चों के प्रति विशेष प्रेम को याद किया गया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित मेले ने बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को देखकर शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों ने उनकी सराहना की। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग, रचनात्मकता, व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अविनाश कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक एवं व्यवहारिक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। बाल दिवस बच्चों के प्रति प्रेम, सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लेने का दिन है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश शुक्ला राम सिंह शिव कुमार गुप्ता आरती गुप्ता पल्लवी वर्मा ममता कुमारी अर्चना राय रवि यादव संजय यादव अखिलेश यादव अमरजीत शर्मा नीरज चौरसिया धीरज शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बाल दिवस के आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

ट्रक से 10 बोरा सब्जी मसाला गायब,चोरी का केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा सेक्टर 22 निवासी सिद्धार्थ यादव जो सब्जी मसाला के प्रबंधक हैं। इनके द्वारा गीडा सेक्टर 22 से 26 अक्टूबर को ट्रक पर 434 नग सब्जी मसाला लोड कर नौतनवा भेजा गया। ट्रक चालक द्वारा नौतनवा के गोदाम पर मसाला उतारा गया। इसके बाद पार्टी द्वारा बताया गया कि 10 बोरी सब्जी मसाला कम भेजा गया है। जबकि सीसीटीवी कैमरे में ट्रक पर पूरा लोडिंग दिख रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

पूर्व विधायक ने शोकाकुल परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस

धानीबाजार (महराजगंज)। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के राप्ती नदी में बुधवार को मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान नौसागर निवासी



रमेश पुत्र रामवदन की डुबने मौत हो गयी थी। जिसका शव शुक्रवार को मिलने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव घर पहुंचा। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह शोकाकुल परिवार के घर नौसागर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने भगवान से दिवंगत युवक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

विवाहिता को पीटकर घर से निकाला,पांच पर केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के कसरवल निवासी सिंधु देवी पुत्री रामदरश यादव की शादी रवि प्रताप यादव निवासी भिखारा के साथ 1 दिसंबर 2020 को हुई थी। शादी में परिजनों ने उपहार में 9 लाख रुपए, गहने और अन्य सामान दिए थे। विदाई के बाद कुछ दिन तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। इसके बाद पति सहित ससुराल के लोग कम दहेज लाने का ताना मारते हुए दहेज में एक बिस्सा जमीन की मांग करने लगे। पीड़िता के परिजनों ने असमर्थता जाहिर की। इसके बाद ससुराल वालों की प्रताड़ना बढ़ गई। 28 अक्टूबर 2026 को पति, ससुराल वालों ने मिलकर मारपीट की और घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति रवि प्रताप यादव, ससुर अशोक कुमार, सास गीता, ननद प्रिया, सुप्रिया के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

नाबालिग की शादी और एक लाख रुपये के विवाद में पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

नौतनवां (महराजगंज) (आज)। कस्बे के राजेंद्र नगर में एक लाख रुपये के लेनदेन को लेकर पारिवारिक विवाद इस कदर बढ़ गया कि मामला सड़क पर आ गया। घर में मचे हंगामे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस एक युवक को थाने ले गई, जहां किशोरी के पिता और अन्य परिजन भी पहुंच गए। पूरे मामले में करीब 14 वर्ष की नाबालिग किशोरी की शादी और उसके खाते में जमा एक लाख रुपये को लेकर विवाद सामने आया है। वहीं, पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि राजेंद्र नगर निवासी एक व्यक्ति के बेटे की मृत्यु के बाद एक लाख रुपये उसकी नाबालिग बेटी के खाते में जमा थे। इसी बीच किशोरी ने अपने रिश्तेदार के एक युवक, जो बरेली का निवासी बताया जा रहा है, के साथ बनैलिया मंदिर में शादी कर ली। किशोरी की शादी की जानकारी मिलने के बाद पिता को आशंका सताने लगी कि बेटी खाते में जमा रकम लेकर अपने पति के साथ चली जाएगी। इसी बात को लेकर घर में विवाद शुरू हो गया

◆सड़क पर हंगामा, थाने पहुंचा मामला, समझौते के बाद पुलिस ने झाड़ा पल्ला◆किशोरी की शादी के मामले में कार्रवाई के बजाय समझौते पर जोर देने का आरोप

और देखते ही देखते हंगामा सड़क तक पहुंच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले गई। इसके बाद किशोरी, उसके पिता और अन्य परिजन भी थाने पहुंचे। बताया जा रहा है कि आपसी समझौते के तहत बैंक खुलने पर किशोरी खाते से रुपये निकालकर पिता को देगी और फिर अपने पति के साथ चली जाएगी। मामले में सबसे गंभीर पहलू किशोरी की कम उम्र में शादी का है। जहां एक ओर परिवार के बीच एक लाख रुपये को लेकर विवाद सामने आया, वहीं दूसरी ओर बाल विवाह जैसे संवेदन शील विषय पर पुलिस की भूमिका चर्चा का विषय बन गई है। सवाल यह है कि क्या महज पारिवारिक समझौते के आधार पर मामले को समाप्त किया जा सकता है ?क्या नाबालिग की शादी के मामले में उसकी उम्र विवाह की परिस्थितियों की जांच करना पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि दोनों परिवारों के बीच झगड़े की सूचना मिली थी। दोनों पक्ष आपस में समझौता कर घर चले गए। बाल विवाह से संबंधित किसी प्रकार की तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, पुलिस के इस बयान के बाद भी सवाल बरकरार हैं। यदि किशोरी की उम्र 14 वर्ष बताई जा रही है, तो क्या केवल तहरीर का इंतजार करना उचित है? क्या मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जांच की आवश्यकता नहीं है? स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि समझौते के सहारे मामले को शांत कर पुलिस अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ती नजर आ रही है। अब देखना होगा कि पुलिस इस प्रकरण में नाबालिग की उम्र, विवाह की वैधता और एक लाख रुपये के लेनदेन की जांच करती है या मामला केवल समझौते तक ही सीमित रह जाता है।

ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने में अड़ंगा डालने पर अवर अभियंता ने दी तहरीर

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां ग्रामीण के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले पिपरौली टॉवर के पास ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के कार्य में एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा बाधा डालने का मामला सामने आया है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने गीडा थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरौली टॉवर के पास वर्तमान में स्थापित 10 केवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाकर 25 केवीए करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। क्षेत्र में बिजली की समस्या के समाधान और आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए शुक्रवार को कार्यदायी एजेंसी जब मौके पर डबल पोल लगाने पहुंची तो एक स्थानीय व्यक्ति ने कथित तौर पर जानबूझकर कार्य रोक दिया और पोल नहीं लगाने दिए, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण कार्य ठप पड़ गया है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता आर.के. सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गीडा पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए और कार्य को सुचारू रूप से पूरा कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए, ताकि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिल सके। इस संबंध में गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और विभाग को नियमानुसार हरसंभव सहायता व पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कार्य समय पर पूरा हो सके।

ग्राम सचिव ने प्रधान पति पर मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा का लगाया आरोप

सहजनवां(गोरखपुर)। सहजनवां ब्लॉक में तैनात ग्राम सचिव मानवेंद्र कुमार निषाद ने ग्राम पंचायत पकड़ी के प्रधान पति और उनके एक सहयोगी पर मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। वहीं प्रधान पति ने ग्राम सचिव पर 1.57 लाख रुपये बिना जानकारी के दूसरे के फर्म पर भेजकर रुपया हड़पने का आरोप लगाया है। ग्राम सचिव का आरोप है कि गुरुवार अपराह्न 1.30 बजे वह विभागीय कार्य से ब्लॉक मुख्यालय जा रहा था। रास्ते में प्रधान पति और उनके सहयोगी ने सफाई कर्मी किट, प्रशासनिक मद, सफाई कार्य की पत्रावली छीनकर मारने-पीटने लगे। ब्लॉक मुख्यालय में भागकर जान बचाई और जान से मारने की धमकी देने लगे। कुछ दिन पूर्व से धन उगाही का प्रयास कर रहे थे। पीड़ित ने प्रधान पति और उनके एक सहयोगी के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रधान पति गिरिजेश कुमार ने कहा कि ग्राम सचिव ने मानदेय के नाम पर ओटीपी के माध्यम से दूसरे फर्म पर 1.57 लाख रुपया भेजकर रुपया हड़प लिया था। उसी बारे में बात कर रहे थे। वह उत्तेजित होकर गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। उनके द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। इस संदर्भ में थानेदार संजय कुमार मिश्र ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांच कराई जा रही है।

पैमाइश का पत्थर उखाड़कर जमीन पर कब्जा,दो के खिलाफ केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड निवासी बच्ची देवी पत्नी स्व. रामकरन ने गाटा संख्या 1424 का एसडीएम न्यायालय से धारा 24 के तहत आदेश कराया था। राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश करने के बाद जमीन के चारों तरफ पत्थर गाड़ दिया गया था। आरोप है कि उस पत्थर को सहजनवां थाना क्षेत्र के वार्ड 8 केशवपुरा निवासी दो मनबढ़ों ने उखाड़कर फेंक दिया और जमीन पर कब्जा कर रखा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक सिंह और मालती देवी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दिव्यांग की भूमि से पैमाइश का पत्थर उखाड़ा,दो के खिलाफ केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड निवासी सेतभान सिंह पुत्र स्व. राम सूरत सिंह की गाटा संख्या 243 में भूमि है। बगल के दो काश्तकार हैं। एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश कर पत्थर गाड़ा गया था। आरोप है कि विपक्षी ने उस पत्थर को उखाड़कर फेंक दिया। विरोध करने पर मारने-पीटने के साथ जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश उपाध्याय, आदित्य उपाध्याय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गो-तस्करी के मामले में फरार चल रहा आरोपी बलिया से गिरफ्तार

बड़हलगंज (गोरखपुर)। गो-तस्करी के मामले में करीब दो माह से फरार चल रहे आरोपित को बड़हलगंज पुलिस ने शनिवार को बलिया जिले से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान बलिया जिले के दुबहड़ थाना क्षेत्र के शिवपुर दियर नई बस्ती बयासी निवासी अनुप यादव (24) पुत्र देवेंद्र यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, नौ सितंबर 2026 को बड़हलगंज पुलिस ने तीन पिकअप वाहनों से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 12 गाय और छह बछड़ों को बरामद किया था। इस दौरान तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अनुप यादव अपने अन्य साथियों के साथ



अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस टीम ने उसे बलिया जिले के दुबहड़ थाना क्षेत्र स्थित शिवपुर दियर नई बस्ती बयासी से गिरफ्तार कर

◆तीन पिकअप से 12 गाय,छ:बछड़े बरामद होने के दौरान मौके से हो गया था फरार

लिया। उसके खिलाफ बड़हलगंज थाने में गोवध निवारण संशोधन अधिनियम की धारा 3/5ए/8 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत मुकदमा दर्ज है।